Members are requested to record their assent or dissent through the remote e-voting process not later than 05.00 P.M (IST) on 19th December, 2026. Remote e-voting will be blocked by NSDL immediately thereafter and will not be allowed beyond the said date and time. During this period, Members of the Company holding shares either in physical or electronically form as on cut-off date i.e. Saturday, 14th November, 2026 shall cast their vote electronically. The voting rights shall also be reckoned on the paid-up value of shares registered in the name(s) of the Member(s) as on the cut-off date. Once the vote on a resolution is cast by a Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently.

In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Question (FAQ) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no: 022-4886 7000 or send a request at evoting@nsdl.com.

The Scrutinizer will submit their report to the Company after the completion of scrutiny of E-voting and the result of Postal Ballot will be announced not later than two working days from the date of conclusion of Postal Ballot process, at the Registered Office of the Company and also by placing the same on the Company's website: www.ceml.in. The results, along with the Scrutiniser's Report, shall simultaneously be communicated to BSE Limited and The Calcutta Stock Exchange. E-voting user manual for Shareholders available at the download section of www. evoting.nsdl.com or call on toll free no: 022-4886 7000 or send a request at evoting@nsdl.com.

By order of the Board
For Cosmic Energy & Motors Limited
(Formerly known as Shashank Traders Limited)
Sd/-
Biswashree Pati
Company Secretary & Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: 18/11/2026

विद्युत विभाग अंतर-क्षेत्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता में रीवा फाइनल में



रीवा। रीवा क्षेत्र की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। आज 20 नवंबर को भोपाल में खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में रीवा का सामना सेंट्रल की जबलपुर टीम से होगा। सेमीफाइनल में रीवा ने पिछले बार की उपविजेता टीम ग्वालियर क्षेत्र को 3-0 से एकतरफा हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही रीवा काफी सालों बाद फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले लीग मैचों में रीवा की टीम ने अमरकंटक, इंदौर और भोपाल की टीमों को हराकर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया था। पूरी टीम को विद्युत विभाग की ओर से फाइनल मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। मुख्य अभियंता रीवा पी.के. मिश्रा, टीम मैनेजर सुशील यादव, कार्यपालन अभियंता ईस्ट डिवीजन सहित सभी अधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उम्मीद की जा रही है कि रीवा फाइनल में भी इसी जोश के साथ खेलकर खिताब अपने नाम करेगी।

आज जबलपुर टीम से होगा मुकाबला

सीएम ने किया दंत चिकित्सकों को सम्मानित



रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य दंत परिषद के हीरक जयंती समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले दंत चिकित्सकों को सम्मानित कर उनसे संवाद भी किया।

दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

रीवा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय मॉडल साइंस कॉलेज में 20 एवं 21 नवंबर को गणितीय मॉडलिंग एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन गणित एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसे मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. रघुराज किशोर तिवारी उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक, रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रो. एम.एम. द्विवेदी तथा जेएनसीटी रीवा के चेयरमैन डॉ. एस.एस. तिवारी शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बिट्स पिलानी, हैदराबाद कैंपस के प्रो. बी. मिश्रा अपना व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आर.एन. तिवारी करेंगे। इस सम्मेलन में गणितीय मॉडलिंग, कंप्यूटर विज्ञान, आधुनिक तकनीक और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को अपने विचार एवं शोध प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे विवेकानंद हॉल में होगा। आयोजन सचिव प्रो. नीलम पांडेय एवं संयोजक प्रो. ऋषि कुमार तिवारी ने सभी प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

बिना अनुमति के कंपनियां नहीं खर्च कर सकेंगी सोशल रिस्पॉसबिलिटी फंड

अब शिक्षा के क्षेत्र में खर्च होगा सीएसआर का 90 प्रतिशत हिस्सा

स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास में लगेंगे 885 लाख सीएसआर मद कार्ययोजना की समीक्षा बैठक संपन्न



जागरण, रीवा

कोई भी कंपनी कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी फंड का पैसा मनमानी नहीं खर्च करेंगी। इसके लिए विधिवत अनुमति लेनी होगी। उक्ताशय के निर्देश रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सीएसआर मद के तहत प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा बैठक दौरान दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सीएसआर मद की 90 प्रतिशत राशि शिक्षा के क्षेत्र में खर्च की जायेगी।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सृष्टि देशमुख गौड़ा, परियोजना अधिकारी डॉ. संजय सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रीवा और मऊगंज जिले के लिए वर्ष 2026-27 के तहत सीएसआर साझेदारी के लिए तैयार 8 परियोजनाओं के कुल 12.93 करोड़ रुपये के पोर्टफोलियो पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कुल बजट का 90 प्रतिशत हिस्सा यानी 1,164.67 लाख रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए, 7 प्रतिशत यानी 86.00 लाख रुपये महिला एवं बाल विकास के लिए तथा 3 प्रतिशत यानी 42.32 लाख रुपये स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। बैठक में अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट, अल्ट्राटेक, डालमिया, व्हीटीएल सहित अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

हाई रिस्क गर्भवतियों के लिए 25 लाख

स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की निगरानी और संस्थागत प्रसव बढ़ाने के उद्देश्य से एआई आधारित कॉलिंग, व्हाट्सएप व एसएमएस अलर्ट और डैशबोर्ड प्रणाली के लिए 25 लाख रुपये की योजना बनाई गई है। साथ ही त्योंथर, सेमरिया, रायपुर कर्चुलियान, मऊगंज, जवा, सिरमौर, गंगेव और नईगढ़ी स्थित 8 पोषण पुनर्वास केंद्रों के उन्नयन के लिए 17.32 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिससे वहां बिस्तर, एसी और अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकेंगे। प्रशासन के अनुसार ये सभी परियोजनाएं स्थल-चिह्नित और लागत-निर्धारित हैं, जिन्हें सीएसआर साझेदार कंपनियां अपनी प्राथमिकता के अनुसार एकल परियोजना, ब्लॉक स्तर या पूरे पोर्टफोलियो के रूप में अपना सकती हैं।

इन विकास खंडों में होंगे काम

प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 885 लाख रुपये रखे गए हैं, जिससे रीवा और मऊगंज के आकांक्षी ब्लॉकों में 62 नए क्लासरूम, 29 स्कूल शौचालय और 11 किलोमीटर बाउंड्री वॉल का निर्माण होगा। इसमें सिरमौर ब्लॉक में 312 लाख, जवा में 98 लाख और हनुमना में 475 लाख रुपये के कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जवा और सिरमौर ब्लॉक के 59 हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के 13,943 विद्यार्थियों को स्टडी टेबल उपलब्ध कराने के लिए 150 लाख रुपये तथा ई-स्मार्ट लाइब्रेरी उन्नयन के लिए 80 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 6 विधानसभा क्षेत्रों में 43 आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रति केंद्र 2 लाख रुपये की दर से कुल 86 लाख रुपये में स्मार्ट आंगनवाड़ी के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं रीवा के अगडाल स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास के जीर्णोद्धार हेतु 29.67 लाख रुपये तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के संभागीय आवासीय छात्रावास में सौर ऊर्जा, सुलभ शौचालय, डिजिटल अध्ययन सामग्री और सुरक्षा व्यवस्था के लिए 20 लाख रुपये प्रस्तावित हैं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का सामूहिक विवाह समारोह आज



रीवा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह तथा निकाह योजना के तहत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह 20 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक तीन के मैदान में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विधायकगण और अन्य जनप्रतिनधि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह के लिए एसडीएम हुजूर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। समारोह के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त नगर निगम रीवा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। नगर निगम को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई तथा चलित शौचालय की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रीवा के आनंद सोनी दिखाएंगे दम, भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व



रीवा। जिले के ज्ञानस्थली विद्यालय के कक्षा आठवीं के छात्र आनंद कुमार सोनी ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महज 14 वर्ष की उम्र में आनंद का चयन भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए इंडिया इंटरनेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 20 से 26 नवंबर तक महाराष्ट्र के पुणे स्थित बालेवाड़ी के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इसमें देश-विदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

आनंद इससे पहले राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की कई ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं। अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके प्रदर्शन से रीवा और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित होने की उम्मीद है। विद्यालय के डायरेक्टर प्रणव सिंह ने आनंद की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए इसे जिले के लिए गर्व का विषय बताया। वहीं प्राचार्या सलोनी बत्रा, उप प्राचार्या कल्पना सिंह और खेल प्रशिक्षक पवन किशोर माझी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे।

एपीएसयू में विश्व विरासत सप्ताह का शुभारंभ, सात दिनों तक होंगी विविध प्रतियोगिताएं

भारतीय संस्कृति, कला और विरासत से जोड़ने की पहल



जागरण, रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में 19 से 25 नवंबर तक विश्व विरासत सप्ताह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय आयोजन का औपचारिक शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो.मृगाल श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम कुलगुरु प्रो.राजेन्द्र कुमार कुड़रिया एवं कुलसचिव नीरजा नामदेव के निर्देशन और मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ.गोविन्द सिंह दांगी ने सप्ताहभर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय विरासत, संस्कृति, स्थानीय कला एवं ऐतिहासिक धरोहरों की विस्तृत जानकारी देना और आमजन में इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

प्रतिभा प्रदर्शन के लिए मिलेगा मंच

विश्व विरासत सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए रंगोली, पोस्टर पेंटिंग, मेहंदी, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, वाद-विवाद, भाषण, रस्साकशी, तीन पैर दौड़, पावर प्वाइंट प्रस्तुति, नृत्य, गायन एवं म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं के विषय भारतीय संस्कृति, कला, विरासत एवं पर्यटन पर केंद्रित रखे गए हैं, ताकि विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा के माध्यम से विरासत के महत्व को समझ सकें।

विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की पहल

कार्यक्रम में बताया गया कि कुलगुरु के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने के लिए निरंतर मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। आगामी प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, निबंध लेखन, पावर प्वाइंट प्रस्तुति, भाषण, रस्साकशी, तीन पैर दौड़ एवं म्यूजिकल चेयर जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। शुभारंभ कार्यक्रम में डॉ.शंकर लाल यादव, डॉ.अनुराग तिवारी, डॉ.चन्द्र प्रकाश मिश्र, डॉ.प्रीति तिवारी, डॉ.धीरेन्द्र सिंह, डॉ.पूनम उपाध्याय, निशा गुप्ता, रीना तिवारी, सोनम सिंह, राहुल तिवारी, अनंत प्रकाश गर्ग एवं तनुजा सिंह सहित स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, 17 विधाओं में रहे अव्वल



जागरण, रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में युवा उत्सव 2026-27 के तहत महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी कला, साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय ने 17 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची जारी की है। जारी परिणाम के अनुसार पोस्टर निर्माण में शशि सोनी, मिट्टी कला में सामिया खान, कार्टून निर्माण में वैष्णवी सोनी, रंगोली में अर्पिता सिंह और कोलाज निर्माण में साक्षी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत की विधाओं में तालवाद्य एकल में शिवदीप मिश्रा, शास्त्रीय गायन एकल में रुद्राश्रय मिश्रा, सुगम गायन एकल में अर्पित कुमार तिवारी तथा पाश्चात्य वाद्य एकल में शिवदीप मिश्रा विजेता रहे। भारतीय समूह गान में तृषा मिश्रा, विधि त्रिपाठी, रागिनी शुक्ला और जागृति पाठक की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। हिंदी भाषण में श्रद्धा मिश्रा विजेता रहीं। हिंदी वाद-विवाद में पक्ष में आयुषी सिंह और विपक्ष में कृष्णम शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषण में नैवेद्य पाठक ने बाजी मारी। वहीं अंग्रेजी वाद-विवाद में पक्ष की ओर से ऋषिका द्विवेदी और विपक्ष की ओर से नैवेद्य पाठक प्रथम रहे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में दिव्यांश मिश्रा, आशीष तिवारी और कौशिकी शुक्ला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नाट्य प्रतियोगिता में अंकिता विश्वकर्मा, कृतिका विश्वकर्मा, स्वाति तिवारी, नाज परवीन, दिव्यांशी नामदेव और आकांक्षा पांडेय की टीम विजेता रही। शास्त्रीय एकल नृत्य में राधा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित युवा उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों की उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है।

रीवा-सिंगरौली रेल कनेक्टिविटी से बदलेगी विंध्य की तस्वीर, नए साल से शुरू हो जाएगी नियमित रेल सेवा



रीवा। रीवा से सिंगरौली तक रेल संपर्क स्थापित होने से विंध्य क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अभी तक सड़क मार्ग से लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को रेल सुविधा मिलने से आवागमन का बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा। खासकर सीधी, सिंगरौली और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही सिंगरौली के औद्योगिक क्षेत्र, कोयला खदानों और ऊर्जा परियोजनाओं को भी बेहतर रेल संपर्क मिलने की संभावना है। इससे यात्री परिवहन के साथ माल परिवहन को भी मजबूती मिलेगी।

83 किलोमीटर रेलखंड हुआ कमीशन

पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2026 में रामगंजमंडी-भोपाल और ललितपुर-सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 83 किलोमीटर रेलखंड कमीशन किए हैं। इनमें रामगंजमंडी-भोपाल परियोजना के 52.50 किलोमीटर और ललितपुरअसिंगरौली परियोजना के 30.50 किलोमीटर रेलखंड शामिल हैं। रेलवे का कहना है कि नई रेल लाइन परियोजनाओं के साथ दोहरीकरण, तिहरीकरण और चौथी लाइन के कार्य भी तेजी से कराए जा रहे हैं, ताकि रेल परिचालन क्षमता बढ़ाई जा सके। अब विंध्य क्षेत्र के लोगों की निगाहें ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना के शेष कार्यों पर टिकी हैं। यदि निर्माण और अन्य तकनीकी कार्य निर्धारित गति से पूरे होते हैं तो अप्रैल 2027 तक रीवा से सिंगरौली के बीच रेल कनेक्टिविटी शुरू होने की उम्मीद मजबूत हो सकती है।

नवोदय विद्यालय की छठवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर को

जागरण, रीवा। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश की चयन परीक्षा 28 नवंबर को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। परीक्षा रीवा और मऊगंज जिले के विभिन्न विकासखंड मुख्यालयों पर निर्धारित केंद्रों में होगी। विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, नीला या काला बाल प्वाइंट पेन तथा राइटिंग पैड लाना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। जवा विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सितलहा, त्योंथर में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंथर तथा सिरमौर में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरमौर को केंद्र बनाया गया है। मऊगंज में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और रीवा में सेंट्रल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा होगी। रायपुर कर्चुलियान में शासकीय सांदीपनि विद्यालय तथा गंगेव में शासकीय उत्कृष्ट एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को केंद्र बनाया गया है। हनुमना में शासकीय उत्कृष्ट, मॉडल एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ एमरल्ड हाइट्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा होगी। वहीं नईगढ़ी में शासकीय उत्कृष्ट एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। प्राचार्य ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से प्रवेश पत्र में दर्ज परीक्षा केंद्र की जानकारी पहले से जांचने और आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचने की अपील की है।

टीआरएस कॉलेज में समाजशास्त्रीय फील्ड वर्क एवं प्रोजेक्ट निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

सामाजिक समस्याओं के अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

जागरण, रीवा। टीआरएस महाविद्यालय, रीवा के समाजशास्त्र विभाग द्वारा बुधवार को 'समाजशास्त्रीय दृष्टि से फील्ड वर्क एवं प्रोजेक्ट निर्माण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक समस्याओं के अध्ययन और शोध परियोजना तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना रहा।

कार्यशाला के संयोजक एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समाजशास्त्रीय शोध तभी सार्थक होता है, जब उसका जुड़ाव वास्तविक समाज और उसकी परिस्थितियों से हो। सामाजिक समस्याओं को समझने के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ क्षेत्र में जाकर लोगों से संवाद और प्रमाणिक तथ्यों का संकलन आवश्यक है।



स्थानीय समस्याओं पर आधारित शोध विषयों का चयन

कार्यशाला में विद्यार्थियों को महिला सशक्तीकरण, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ भेदभाव, जाति व्यवस्था, गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, डिजिटल असमानता और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर शोध के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध प्रतिवेदन

निर्धारित विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने निवास क्षेत्रों और आसपास की सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। इसके आधार पर शोध प्रतिवेदन तैयार कर निष्कर्ष प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने शोध कार्य में प्रमाणिकता, निष्पक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शाहेदा सिद्दीकी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. निशा सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. फरजाना बानो, प्रो. शालिनी पांडेय, डॉ. आभा द्विवेदी एवं डॉ. प्रियंका पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे। आयोजन में योगेश निगम एवं राकेश मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड

सदस्यों के लिए पोस्टल बैलेट नोटिस

जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों (यदि कोई हों), कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 22, भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्रों (एमसीए परिपत्र) - 8 अप्रैल 2020 का 14/2020, 13 अप्रैल 2020 का 17/2020, 5 मई 2020 का 20/2020, 15 जून 2020 का 22/2020, 28 सितंबर 2020 का 33/2020, 31 दिसंबर 2020 का 39/2020, 23 जून 2021 का 10/2021, 8 दिसंबर 2021 का 20/2021, 5 मई 2022 का 03/2022, 28 दिसंबर 2022 का 11/2022, 25 सितंबर 2023 का 09/2023, 19 सितंबर 2024 का 09/2024 और 22 सितंबर 2025 का सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025; साथ ही भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 44, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी आम बैठकों (जनरल मीटिंग्स) पर सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड ("SS-2") और किसी भी अन्य लागू कानुनो, नियमों और विनियमों (जिसमें वर्तमान समय में लागू इसके किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियम शामिल है), के अनुसार, कंपनी 'विशेष कामकाज' के लिए सदस्यों से एक 'विशेष प्रस्ताव' के जरिए मंजूरी मांग रही है। इसका विवरण 19 अक्टूबर, 2026 के 'पोस्टल बैलेट नोटिस' और उसके साथ दिए गए 'व्याख्यात्मक विवरण' में दिया गया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (यानी रिमोट ई-वोटिंग) से होगी।

गुरुवार, 19 नवंबर, 2026 को उन सदस्यों को नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां भेज दी गई हैं, जिनके नाम शुक्रवार, 13 नवंबर, 2026 ('कट-ऑफ तारीख') तक नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') से प्राप्त 'सदस्य रजिस्टर' या 'लाभार्थी मालिकों की सूची' में शामिल हैं, और जिन्होंने कंपनी या डिपॉजिटरी के पास अपना ईमेल पता रजिस्टर कराया है। एमसीए के सर्कुलर में दी गई छूट के अनुसार, इस पोस्टल बैलेट के लिए सदस्यों को नोटिस की फिजिकल प्रतियां, पोस्टल बैलेट फॉर्म और 'प्री-पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफे' नहीं भेजे जा रहे हैं। नोटिस में बताए गए दस्तावेज जांच के लिए उपलब्ध हैं; जो सदस्य इन्हें देखना चाहते हैं, वे jpvl.investor@jalindia.co.in पर ईमेल कर सकते हैं।

यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.jppowerventures.com पर, स्टॉक एक्सचेंजों, बीएसई लिमिटेड ('बीएसई') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com पर, तथा सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

एमसीए सर्कुलर के मद्देनजर, जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता रजिस्टर नहीं कराया है और इस वजह से उन्हें नोटिस नहीं मिल पाया है, वे कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास rta@alankit.com पर अपना ईमेल पता अस्थायी रूप से रजिस्टर करा सकते हैं। ईमेल सफलतापूर्वक रजिस्टर हो जाने के बाद, सदस्य को नोटिस की सॉफ्ट कॉपी मिलेगी। साथ ही, इस पोस्टल बैलेट के लिए ई-वोटिंग करने हेतु उपयोगकर्ता पहचान और पासवर्ड के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया भी उपलब्ध कराई जाएगी। यदि कोई सवाल हो, तो सदस्य rta@alankit.com पर लिख सकते हैं।

कंपनी अपने सदस्यों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान की जाने वाली ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अपना वोट डालने की सुविधा देती है। ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश नोटिस में दिए गए हैं।

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा नीचे दी गई अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगी:

ई-वोटिंग की शुरुआत	रविवार, 22 नवंबर, 2026 (सुबह 9.00 बजे IST)
ई-वोटिंग की समाप्ति	सोमवार, 21 दिसंबर, 2026 (शाम 5.00 बजे IST)

इसके बाद, सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को वोटिंग के लिए बंद कर दिया जाएगा।

इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि पर फिजिकल या डीमटेरियलाइज्ड (डीमैट) रूप में शेयर रखने वाले सदस्य ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। एक बार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर अपना वोट डाल देता है, तो उसे बाद में बदलने की अनुमति नहीं होती है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार, कट-ऑफ तिथि पर कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल जानकारी के उद्देश्य से ही समझना चाहिए।

कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, चिराग शाह (मेंबरशिप नंबर 5545; प्रैक्टिस का प्रमाण-पत्र नंबर 3498) को स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है। यदि वे उपलब्ध नहीं होते हैं, तो प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी राइमीन मारडिया (मेंबरशिप नंबर 11283; प्रैक्टिस का प्रमाण-पत्र नंबर 17554) स्क्रूटिनाइज़र के रूप में कार्य करेंगे।

स्क्रूटिनाइज़र अपनी रिपोर्ट अध्यक्ष या कंपनी के किसी अधिकृत व्यक्ति को सौंपेंगे और पोस्टल बैलेट के परिणाम दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे। ये परिणाम कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस में प्रदर्शित किए जाएंगे और बीएसई तथा एनएसई को भी सूचित किए जाएंगे, जहाँ कंपनी के शेयर लिस्टेड हैं। इसके अलावा, इन परिणामों को कंपनी की वेबसाइट www.jppowerventures.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी अपलोड किया जाएगा।

यदि ई-वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप www.evotingindia.com पर 'हेल्प' सेक्शन में उपलब्ध 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' (FAQs) और ई-वोटिंग यूज़र मैनुअल देख सकते हैं। इसके अलावा, आप श्री राकेश दालवी (सहायक उपाध्यक्ष) से संपर्क कर सकते हैं। उनका पता है 34वीं मंजिल, ए विंग, मैराथन फ्यूचरक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई - 400013। आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भी भेज सकते हैं या टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। सभी कार्य दिवसों में, काम के घंटों के दौरान 1800 21 09911 पर संपर्क करें।

बोर्ड के आदेशानुसार
जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड की ओर से
सावन जयेंद्र पटेल
पूर्णकालिक निदेशक
निदेशक पहचान संख्या: 02687808

स्थान: अहमदाबाद
दिनांक: 19 नवंबर, 2026

पंजीकृत कार्यालय: जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट कॉम्प्लेक्स, निगरी, तहसील सराई, जिला सिंगरौली - 486669 (मध्य प्रदेश) **। दूरभाष:** +91 (7801) 286021-39
कॉर्पोरेट कार्यालय: 'जेए हाउस', 63, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली – 110057 **। दूरभाष:** +91 (011) 49828500
वेबसाइट: www.jppowerventures.com **। ईमेल आईडी:** jpvl.

आज से शादियों का सीजन, साड़ियों और शेरवानी की जबरदस्त डिमांड

लेडीज सूट की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी भीड़



हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। शुक्रवार को देव उठनी ग्यारस है, इसके साथ ही शादियों का सीजन शुरू हो रहा है। अकेले नवम्बर में 20 से लेकर 30 तक 6 दिन शादियों का मुहूर्त है, जबकि दिसम्बर में 1 से लेकर 12 तक 10 दिन शादियां होंगी। इस तरह केवल दो माह में ही लगभग 16 शादियों की धूम रहेगी जबकि वर्ष 2027 में जनवरी में 9, फरवरी में 17, मार्च में 8, अप्रैल 9, मई 18, जून 15, जुलाई 7 के बाद अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर में कोई शादी नहीं है जबकि नवम्बर व दिसम्बर 27 में कुल 16 दिन शादियों का मुहूर्त पंडितों ने निकाला है इस तरह नवम्बर 2026 से जुलाई 26 तक कारोबार को चार चांद लगे रहेंगे।

आज निंद्रा से जागेंगे विष्णु : शुक्रवार से भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जागेंगे, जिससे चातुर्मास समाप्त होगा। इसी दिन से पहला विवाह मुहूर्त भी आरम्भ हो जाएगा। ग्यारस से ही विवाह के लग्न शुरू होंगे। जिनके घरों मे शहनाईयां गूंजने वाली है उन्होंने तैयारियां शुरू कर दी है। विवाह समारोह सीजन को देखते हुए संत हिरदाराम नगर का कपड़ा बाजार गुलजार है। रेडीमेड कपड़ा मार्केट से लेकर लहंगा साड़ी और बर्तन बाजार में भी खरीदी जमकर हो रही है। सुबह से देर शाम तक बाजार में लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है जिससे बाजार में रौनक है, फुटवेयर सहित अन्य रिटेल काउंटरों पर भी लोग खरीदारी करने पहुँच रहे हैं। धनतेरस और दिपावली के बाद कारोबार की दृष्टि से विवाह समारोह के सीजन बेहद खास रहता है। कपड़ा व्यापारियों के अनुसार, राजपूती साड़ी, इरोड सिल्क प्योर घरचोला साड़ी, खड्डी जॉर्जेट साड़ी की बहुत डिमांड है, खड्डी जॉर्जेट साड़ी एक बेहद खूबसूरत और प्रीमियम पारंपरिक साड़ी है। वहीं नेट वर्क वाले हैवी डिजाइनर स्टिच्ड ब्लाउज की डिमांड भी अधिक है जो शादियों, पार्टियों और फेस्टिव सीजन के लिए एक बेहतरीन पसंद हैं। इधर, बर्तन बाजार में स्टील के बने बर्तनों की ज्यादा डिमांड हैं। यहां के कारोबारी दूल्हा दुल्हन के लिए स्पेशल रेंज उपलब्ध करवा रहे हैं जिसमें सूट से लेकर शेरवानी, कुर्ता पजामा, लहंगा चुन्नी सहित एक से एक कपड़े उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि संत हिरदाराम नगर कपड़ा, बर्तन का होलसेल बाजार है संत नगर से लगभग 200 किलोमीटर के दायरे में कारोबार व्यापारियों द्वारा किया जाता है। शादियों का सीजन होने से बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल भी काफी बढ़ गई है।

दूसरे बाजारों से सस्ता : ऐसी मान्यता है कि संत हिरदाराम नगर के कपड़ा बाजार में अन्य शहरों की तुलना में कुछ सस्ता कपड़ा मिल जाता है, यह वास्तविकता भी है जिसका मुख्य कारण यह है कि यहां के बड़े बड़े कारोबारी सूरत, बड़ोदा, अहमदाबाद, इरोड, मुम्बई, दिल्ली, कानपुर, खानपुर एवं बनारस से सीधे मिलों से कैस पर माल खरीदते हैं, जिससे उन्हें कुछ अधिक डिस्काउंट मिलता है, जिसका सीधा लाभ ग्राहक को मिलता है कारोबार के फलने फुलने का भी यही कारण है।

गुलजार कपड़ा बाजार

चूंकि शादियों के कारण काफी पहले से ही खासतौर पर कपड़े की खरीदी प्रारंभ हो जाती है, और संत हिरदाराम नगर में कपड़े का थोक बाजार है, ऐसे में यहां दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां बता दें कि प्रदेश में तीन दर्जन से अधिक जिले जिसमें बुरहानपुर से लेकर जबलपुर एवं छिंदवाडा और आष्ठा से लेकर राजगढ़ ब्यावरा यहां तक कि बीना से भी फुटकर कपड़ा कारोबारी खरीदी के लिए यहां आते हैं जबकि राजधानी भोपाल का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां के लोग शादी हेतु बर्तन व कपड़ा बैरागढ़ बाजार से न खरीदते हों। यहां थोक व फुटकर मिलाकर कपड़े की लगभग 600 दुकाने हैं।



"मार्केट अच्छा चल रहा है। दीपावली के बाद से ही ग्राहकी में तेजी आना शुरू हो गई। हमारे यहां शादियों की हर वेरायटी साड़ी, लहंगा, शर्टिंग शूटिंग व लेडीज सूट की भपूर कलेक्शन है।

■ **सुनील पंजवानी, संचालक**
भंभाराम संस, कृष्णा काम्पलेक्स



"अपेक्षा के अनुरूप ग्राहकी है। खासतौर पर साफे व पेंट शर्ट की अच्छी डिमांड है। आने वाले छह सात माह तक ग्राहकी के अच्छी चलने की उम्मीद है।

■ **नरेन्द्र लालवानी, संचालक**
होलसेल शाप, मुखर्जी मार्केट

कस्तूरबा अस्पताल का स्थापना दिवस मनाया



जागरण, भेल। बीएचईएल, भोपाल के कस्तूरबा अस्पताल का 60वां स्थापना दिवस गुरुवार को गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बीएचईएल भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रच्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इस दौरान अस्पताल कर्मियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार उपाध्याय ने चिकित्सकों और कर्मचारियों के समर्पण व सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों को समुचित उपचार और समय पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराना अस्पताल की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल के विकास और सुचारु संचालन में भेल प्रबंधन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। प्रारंभ में प्रमुख चिकित्सा सेवाएं डॉ. आरती आशुतोष सिंह ने अस्पताल की 60 वर्ष की विकास यात्रा व उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हुई खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

महिलाओं ने उत्साह के साथ लिया 'स्टेकेशन' का आनंद



भोपाल। महिलाओं की व्यस्त दिनचर्या और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्हें अपने लिए समय देने की एक अनूठी पहल के तहत माय इवेंट्स की संस्थापक सिमरनजीत कौर खुराना द्वारा शहर की पहली महिला-केंद्रित स्टेकेशन पार्टी देसी दीवाज स्टेकेशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक सुरक्षित, खुशनुमा और सहज माहौल देना था, जहां वे अपनी महिला मित्रों के साथ कुछ समय खुद के लिए निकाल सकें, तनावमुक्त हों और बिना किसी लंबी यात्रा के छुट्टियों जैसा अनुभव ले सकें। भोपाल की महिलाओं को यह अवधारणा काफी पसंद आई। यहां उन्हें न केवल अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से अवकाश लेकर अपने लिए समय बिताने का अवसर मिला, बल्कि नई दोस्तियां बनाने और अपनी पसंद के अनुसार आनंद लेने का मौका भी मिला।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डलाधिकारी बैतूल (सामान्य) उपवनमण्डल

विज्ञप्ति

श्री सलीम पिता फकरुद्दीन, बाजार मोहल्ला, दमुआ, जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा को सूचित किया जाता है कि परिक्षेत्र बैतूल (सा.) अंतर्गत पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरण क्र. 7223 दिनांक 16.05.2026 में दो व्यक्ति रोहित वल्द जगदीश, साकिन मर्दवानी एवं संजू वल्द बुद्ध काजले, मर्दवानी अर्जुन वृक्ष की गीली छाल निकालकर एकत्र करते मिले, उनके पास से 70 Kg., दो कुल्हाड़ी, एक काली रंग की हीरो होण्डा मोटर सायकल क्रमांक MP28MB9354 चेचिस नं. MBLHA10EE89G34934 को जप्त किया गया। जिसकी राजसात (अधिहरण) की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रचलित है। उक्त वाहन से संबंध रखने वाले श्री सलीम पिता फकरुद्दीन, बाजार मोहल्ला, दमुआ, जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा को जप्त वाहन के संबंध नियमानुसार वाहन संबंधी अभिलेख एवं अपना पक्ष रखने हेतु कार्यालयीन पत्र क्रमांक/1468 दिनांक 12.08.2026, 1525 दिनांक 21.08.2026, 1651 दिनांक 08.09.2026 से अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया, किंतु उक्त वाहन से संबंध रखने वाले श्री सलीम पिता फकरुद्दीन, बाजार मोहल्ला, दमुआ, जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा उपस्थित नही हुये और न ही अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया।

अत: श्री सलीम पिता फकरुद्दीन, बाजार मोहल्ला, दमुआ, जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त जप्त हीरो होण्डा मोटर सायकल क्रमांक MP28MB9354 चेचिस नं. MBLHA10EE89G34934 के संबंध में स्वामित्व, अधिकार, हित अथवा दावा होने संबंधी अभिलेख एवं अपना पक्ष इस प्रेस विज्ञप्ति के समाचार पत्र में प्रकाशित होने की दिनांक से 05 (पाँच) दिवस के भीतर कार्यालय उपवनमण्डलाधिकारी, बैतूल (सा.), जिला बैतूल में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें तथा अपने दावे के समर्थन में समस्त वैध दस्तावेज प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित व्यक्ति को उक्त संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया है। ऐसी स्थिति में उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रकरण में प्राप्त तथ्यों के आधार पर नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए उक्त वाहन के राजसात किए जाने के संबंध में कार्यवाही की जाएगी। जिस हेतु वाहन का स्वामित्व, अधिकार, हित अथवा दावा रखने वाला संबंधित व्यक्ति जिम्मेदार होगा।

जी-21771/26

प्राधिकृत अधिकारी एवं
उपवनमंडल अधिकारी
बैतूल (सा.)

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं से किसान परेशान

इलेक्ट्रॉनिक कांटों, कम तौल और अभद्र व्यवहार से आक्रोश

औबेदुल्लागंज। स्थानीय कृषि उपज मंडी में इन दिनों अव्यवस्थाओं का बोलबाला है, जिसका सीधा खामियाजा क्षेत्र के अन्नदाता किसानों को उठाना पड़ रहा है। मंडी परिसर में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के साथ-साथ अब फसल की तुलाई में खुलेआम हेराफेरी करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। अपनी उपज का सही दाम पाने की उम्मीद लेकर मंडी पहुंच रहे किसानों को कम तौल और मनमानी कटौती के कारण आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। मंडी में उपज बेचने आए किसानों का आरोप है कि तौल कांटों पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक कांटों में तकनीकी छेड़छाड़ या तौल के दौरान प्रति बोरी निर्धारित वजन से अधिक अनाज तौले जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। विरोध करने पर हम्मालों और व्यापारियों के कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। मजबूरी में किसानों को कम वजन पर ही अपनी फसल बेचनी पड़ रही है, क्योंकि उपज वापस ले जाने में उनका भाड़ा और समय दोनों बर्बाद होता है। तुलाई में धांधली के अलावा मंडी परिसर में अन्य व्यवस्थाएं भी पूरी तरह चरमराई हुई हैं। तेज धूप और मौसम की मार के बीच किसानों के बैठने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। टिन शेड के नीचे व्यापारियों का माल रखा होने से किसानों को खुले आसमान के नीचे अपनी उपज रखनी पड़ रही है। मंडी परिसर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बेतरतीब पार्किंग के कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। नियमों के विपरीत कई किसानों को उपज बेचने के बाद नकद या समय पर आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सभाजीत जायसवाल पुत्र संतोष जायसवाल आयु वयस्क, निवासी, ग्राम शाहपुर, इंद्रजीत सिंह, पोस्ट देरा जिला मऊगंज म.प्र. । ये है कि मेरे आधार कार्ड (554521165697) में त्रुटिवश मेरा नाम शबाजीत जयसवाल (shabajeeta jaysawal) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम सभाजीत जायसवाल (sabhajeet jaiswal) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे व मेरे आधार कार्ड में सही नाम अंकित किया जाये।

जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड

सदस्यों के लिए पोस्टल बैलेट नोटिस

जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों (यदि कोई हों), कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 22, भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्रों (एमसीए परिपत्र) - 8 अप्रैल 2020 का 14/2020, 13 अप्रैल 2020 का 17/2020, 5 मई 2020 का 20/2020, 15 जून 2020 का 22/2020, 28 सितंबर 2020 का 33/2020, 31 दिसंबर 2020 का 39/2020, 23 जून 2021 का 10/2021, 8 दिसंबर 2021 का 20/2021, 5 मई 2022 का 03/2022, 28 दिसंबर 2022 का 11/2022, 25 सितंबर 2023 का 09/2023, 19 सितंबर 2024 का 09/2024 और 22 सितंबर 2025 का सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025; साथ ही भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 44, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी आम बैठकों (जनरल मीटिंग्स) पर सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड ("SS-2") और किसी भी अन्य लागू कानुनो, नियमों और विनियमों (जिसमें वर्तमान समय में लागू इसके किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियम शामिल है), के अनुसार, कंपनी 'विशेष कामकाज' के लिए सदस्यों से एक 'विशेष प्रस्ताव' के जरिए मंजूरी मांग रही है। इसका विवरण 19 अक्टूबर, 2026 के 'पोस्टल बैलेट नोटिस' और उसके साथ दिए गए 'व्याख्यात्मक विवरण' में दिया गया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (यानी रिमोट ई-वोटिंग) से होगी।

गुरुवार, 19 नवंबर, 2026 को उन सदस्यों को नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां भेज दी गई हैं, जिनके नाम शुक्रवार, 13 नवंबर, 2026 ('कट-ऑफ तारीख') तक नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') से प्राप्त 'सदस्य रजिस्टर' या 'लाभार्थी मालिकों की सूची' में शामिल हैं, और जिन्होंने कंपनी या डिपॉजिटरी के पास अपना ईमेल पता रजिस्टर कराया है। एमसीए के सर्कुलर में दी गई छूट के अनुसार, इस पोस्टल बैलेट के लिए सदस्यों को नोटिस की फिजिकल प्रतियां, पोस्टल बैलेट फॉर्म और 'प्री-पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफे' नहीं भेजे जा रहे हैं। नोटिस में बताए गए दस्तावेज जांच के लिए उपलब्ध हैं; जो सदस्य इन्हें देखना चाहते हैं, वे jpvl.investor@jalindia.co.in पर ईमेल कर सकते हैं।

यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.jppowerventures.com पर, स्टॉक एक्सचेंजों, बीएसई लिमिटेड ('बीएसई') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com पर, तथा सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

एमसीए सर्कुलर के मद्देनजर, जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता रजिस्टर नहीं कराया है और इस वजह से उन्हें नोटिस नहीं मिल पाया है, वे कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास rta@alankit.com पर अपना ईमेल पता अस्थायी रूप से रजिस्टर करा सकते हैं। ईमेल सफलतापूर्वक रजिस्टर हो जाने के बाद, सदस्य को नोटिस की सॉफ्ट कॉपी मिलेगी। साथ ही, इस पोस्टल बैलेट के लिए ई-वोटिंग करने हेतु उपयोगकर्ता पहचान और पासवर्ड के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया भी उपलब्ध कराई जाएगी। यदि कोई सवाल हो, तो सदस्य rta@alankit.com पर लिख सकते हैं।

कंपनी अपने सदस्यों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान की जाने वाली ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अपना वोट डालने की सुविधा देती है। ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश नोटिस में दिए गए हैं।

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा नीचे दी गई अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगी:

ई-वोटिंग की शुरुआत	रविवार, 22 नवंबर, 2026 (सुबह 9.00 बजे IST)
ई-वोटिंग की समाप्ति	सोमवार, 21 दिसंबर, 2026 (शाम 5.00 बजे IST)

इसके बाद, सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को वोटिंग के लिए बंद कर दिया जाएगा।

इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि पर फिजिकल या डीमटेरियलाइज्ड (डीमैट) रूप में शेयर रखने वाले सदस्य ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। एक बार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर अपना वोट डाल देता है, तो उसे बाद में बदलने की अनुमति नहीं होती है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार, कट-ऑफ तिथि पर कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल जानकारी के उद्देश्य से ही समझना चाहिए।

